आईआईएम रांची परिसर में झारखंड राज्य के पहले जेन-Z पोस्ट ऑफिस (पोस्ट कैफे) का भव्य उदघाटन

आइआइएम में जेन-जी पोस्ट ऑफिस का उदघाटन

रांची. डाक विभाग की ओर से आइआइएम परिसर में सोमवार को राज्य का पहला जेन-जी पोस्ट ऑफिस (पोस्ट कैफे) का उदघाटन हुआ. उदघाटन झारखंड डाक परिमंडल निदेशक राम विलास चौधरी, आइएमएम के ओम प्रकाश सिंघानिया और आइआइएम के निदेशक प्रो दीपक श्रीवास्तव ने किया. इस जेन-जी पोस्ट ऑफिस का पिन कोड 834017 किया गया है. यह पोस्ट ऑफिस केवल एक पारंपरिक डाकघर नहीं, बल्कि एक पोस्ट कैफे और अनुभव केंद्र के रूप में विकसित किया गया है. इस पोस्ट ऑफिस के माध्यम से स्पीड पोस्ट, रजिस्टर्ड पोस्ट, पार्सल सेवाएं, फिलैटली, डाक बचत योजनाएं, बीमा सेवाएं, ई-कॉमर्स लॉजिस्टिक्स जैसी सभी प्रमुख डाक सेवाएं उपलब्ध करायी जा रही है. जेन जी को ध्यान में रखते हुए डिजिटल भुगतान, क्यूआर-कोड आधारित सेवाएं, ऑनलाइन ट्रैकिंग और इंटरैक्टिव सूचना प्रणाली को विशेष रूप से शामिल किया गया है. इस अवसर पर वरिष्ठ डाक अधीक्षक रूपक कुमार सिन्हा, वरिष्ठ डाकपाल दिवाकर कुमार, संजय मिंज, अमर वर्मा, पूजा पांडेय, सिकंदर, संदीप कुमार महतो आदि मौजूद थे.

Prabhat Khabar_16.12.2025_P. 5

पहला जेन-जेड पोस्ट ऑफिस का उद्घाटन

रांची। भारतीय डाक विभाग द्वारा युवाओं को केंद्र में रखते हुए जेन-जेड पोस्ट ऑफिस पोस्ट कैफे की शुरुआत की गई। उद्घाटन सोमवार को आईआईएम रांची परिसर में किया गया। यह झारखंड का पहला जेन-जेड पोस्ट ऑफिस है। यह महत्वाकांक्षी योजना केंद्रीय संचारमंत्री ज्योतिरादित्य एम सिंधिया की परिकल्पना के आधार पर लायी गई। जिसका उद्देश्य है कि जेन-जेड युवाओं को डाक सेवाओं से आधुनिक, डिजिटल और अनुभवानात्मक रूप से जोड़ना।

Hindustan_16.12.2025_P. 4

आईआईएम रांची परिसर में झारखंड राज्य के पहले जेन-Z पोस्ट ऑफिस (पोस्ट कैफे) का भव्य उद्घाटन

Administrator
15 December 2025

डाक विभाग द्वारा युवाओं को केंद्र में रखकर की गई एक अभिनव एवं दूरदर्शी पहल के अंतर्गत आज आईआईएम रांची परिसर में झारखंड राज्य के पहले जेन-Z पोस्ट ऑफिस (पोस्ट कैफे) का भव्य उद्घाटन संपन्न हुआ। यह महत्वाकांक्षी परियोजना माननीय केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया की परिकल्पना का परिणाम है, जिसका उद्देश्य जेन-Z युवाओं को डाक सेवाओं से आधुनिक, डिजिटल और अनुभवात्मक रूप में जोड़ना है।

इस जेन-Z पोस्ट ऑफिस का औपचारिक उद्घाटन निदेशक , झारखंड डाक परिमंडल – श्री राम विलास चौधरी श्री ओम प्रकाश सिंघानिया, आईआईएम रांची के शासी मंडल के सदस्य और आईआईएम रांची के निदेशक प्रो. दीपक श्रीवास्तव के द्वारा किया गया, जो इस अवसर के मुख्य अतिथि रहे। उद्घाटन समारोह की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके पश्चात रिबन काटकर राज्य के पहले जेन-Z पोस्ट ऑफिस का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर डाक विभाग की ओर से श्री रूपक कुमार सिन्हा वरिष्ठ डाक अधीक्षक रांची मंडल, श्री दिवाकर कुमार वरिष्ठ डाकपाल रांची जी पी ओ, श्री संजय मिंज डीएसपी (मुख्यालय), श्री अमर वर्मा, सहायक डाक अधीक्षक (दक्षिण), सुश्री पूजा पांडेय उप डाक निरीक्षक (उत्तर), श्री सिकंदर प्रधान उप डाक निरीक्षक (पूर्व), श्री संदीप कुमार महतो मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव, रांची तथा डाक विभाग और आईआईएम रांची के कर्मचारी और छात्र विशेष रूप से उपस्थित रहे।

यह उल्लेखनीय है कि इस नवस्थापित जेन-Z पोस्ट ऑफिस को पिन कोड 834017 किया गया है, जिससे आईआईएम रांची क्षेत्र को डाक सेवाओं की तेज़, सुव्यवस्थित एवं सुदृढ़ सुविधा प्राप्त होगी।

यह जेन-Z पोस्ट ऑफिस केवल एक पारंपरिक डाकघर नहीं, बल्कि एक पोस्ट कैफे एवं अनुभव केंद्र के रूप में विकसित किया गया है। इसका आधुनिक एवं युवा-अनुकूल इंटीरियर, क्रिएटिव वॉल आर्ट, डिजिटल डिस्प्ले तथा कैफे-स्टाइल बैठने की व्यवस्था युवाओं को संवाद, नवाचार और रचनात्मकता के लिए प्रेरित करती है।

इस पोस्ट ऑफिस के माध्यम से स्पीड पोस्ट, रजिस्टर्ड पोस्ट, पार्सल सेवाएं, फिलैटली, डाक बचत योजनाएं, बीमा सेवाएं तथा ई-कॉमर्स लॉजिस्टिक्स जैसी सभी प्रमुख डाक सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। जेन-Z को ध्यान में रखते हुए यहां डिजिटल भुगतान, क्यूआर-कोड आधारित सेवाएं, ऑनलाइन ट्रैकिंग एवं इंटरैक्टिव सूचना प्रणाली को विशेष रूप से शामिल किया गया है।

अपने संबोधन में वक्ताओं ने कहा कि यह पहल डाक विभाग को युवाओं के और अधिक निकट लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जेन-Z पोस्ट ऑफिस भविष्य में नवाचार, स्टार्ट-अप सोच एवं रचनात्मक संवाद का सशक्त मंच बनेगा तथा डाक विभाग की “नए भारत के लिए नई डाक” की सोच को साकार करेगा।

आईआईएम रांची परिसर में स्थापित यह पोस्ट कैफे आने वाले समय में राज्य के अन्य शैक्षणिक संस्थानों के लिए भी एक मॉडल के रूप में कार्य करेगा। डाक विभाग ने इस ऐतिहासिक अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों एवं मीडिया प्रतिनिधियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

https://jharkhandstatenews.com/article/hindi-news/2918/The-first-Gen-Z-post-office-in-Jharkhand-state-was-grandly-inaugurated-at-the-IIM-Ranchi-campus

Jharkhandstatenews_15.12.2025_Online